03

मून लाइट पब्लिक स्कूल में नेताजी को किया याद

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

ोमवार, 24 जनवरी 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

## नेताजी की जयंती पर जयहिन्द बोस बोलकर भावुक हुए लोग

# संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के लिए सर्मपण की मूर्ति थे सुभाषचंद बोस : केके गुप्ता

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस, एनसीसी व राष्ट्रींय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के लिए समर्पण से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्हें राष्ट्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बताया। प्राचार्य ने बताया कि नेताजी का हृदय देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत था और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वे सबसे अग्रणी व सबसे बड़े नेता थे। इन सब को देखते हुए भारत सरकार ने गत वर्ष उनके



अग्रवाल कॉलेज में नेता जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए प्राचार्य डा. केके गुप्ता

जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया। इस वर्ष से इंडिया गेट पर स्थित अमरजवान ज्योति पर भी उनकी प्रतिमा रखी जाएगी और गणतंत्र दिवस को जो पहले तीन दिनों तक 24, 25 और 26 जनवरी को मनाया जाता था। इस वर्ष से 23 जनवरी से मनाने का फैसला लिया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ केएल कौशिक, डॉ जयपाल सिंह, डॉ नरेश कामरा, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ रामचंद्र , डॉ अशोक कुमार निराला, डॉ. ऋतु, डॉ शोभना गोयल, डॉ रेखा सैन, डॉ पूजा सैनी, सुभाष, मनमोहन सिंगला व महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, एनसीसी व राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 150 स्वयंसेवक मौजूद रहे।